2020/000084

FORM NO. III

फर्द अहकाम

(नियम. 26)

अज अदालत न्यायालय प्रथम अपील अधिकारी एवं जिला कलक्टर मुकाम करौली

किरोडीलाल पुत्र रज्जूराम जाति गुर्जर निवासी सलैमपुर तहसील महवा जिला दौसा (राज0)

— अपीलाण्ट

बनाम

लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार, मासलपुर — रेस्पोण्डेण्ट

मु.नं. 42/2020 किस्म मुकदमा–अपील सूचना का अधिकार अधि. 2005 ता.रजु. 09.09.2020

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील मे जारी हुए
09.09.2020	अपीलाण्ट द्वारा लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार, मासलपुर को सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(1) तहत आवेदन प्रेषित कर मृतक मोतीराम की जांच रिपोर्ट की नकल चाही गई थी। प्रत्यर्थी द्वारा आवेदक को सूचना उपलब्ध नहीं करवाये जाने/उपलब्ध करवाई गई सूचना से असंतुष्ट होने के कारण यह प्रथम अपील पेश की है। अपीलाण्ट की अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर अपील का अवलोकन किया गया। अपीलार्थी द्वारा अपील के साथ ना तो आवेदन शुल्क दिये जाने का सबूत संलग्न किया गया है और न ही आवेदन पत्र के लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार, मासलपुर को भेजे जाने संबंधी अथवा कार्यालय में प्राप्ति की रसीद संलग्न की गई है। इसके अतिरिक्त लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार मासलपुर को भेजे गये आवेदन पत्र की प्रति भी अपील के साथ संलग्न नही की है। अतः अपील अपीलाण्ट अस्वीकार की जाती है। निर्णय की प्रति अपीलाण्ट को भिजवाई जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो। निर्णय सरे इजलास सुनाया गया। प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं जिला कलक्टर, करौली	1034 10.09.2020